बहादुर बच्ची

मैलाची डॉयल, चित्र: रिचर्ड जॉनसन

बहादुर बच्ची

मैलाची डॉयल, चित्र: रिचर्ड जॉनसन

इंडियन मुखिया बहुत बहादुर और उग्र था,
इसलिए सभी लोग उससे डरते थे.



लेकिन एक बुद्धिमान बूढ़ी औरत ने उससे कहा,

"मैं किसी ऐसे व्यक्ति को जानती हूं जो आपसे नहीं डरता है."

इंडियन मुखिया हैरान रह गया.

"वो कौन हैं?" वो चिल्लाया. "उसे मुझे दिखाओ!"



बुढ़िया उसे अपने तम्बू में ले गई.

"कहाँ है वोआदमी?" इंडियन मुखिया ने कहा.
"वो मुझे दिखाई नहीं दे रहा है."

"वो एक आदमी नहीं है," बूढ़ी औरत ने कहा.

"वो वासो - एक छोटी बच्ची है."

वासो एक कंबल पर बैठी एक छड़ी से खेल रही थी.



"यह बच्ची मुझसे क्यों नहीं डरती है?"
इंडियन मुखिया ने पूछा.

"देखो, हर कोई मुझसे डरता है!"

"यहाँ आओ, बच्ची!" वो चिल्लाया.
लेकिन वासो उसे देखकर केवल मुस्कुराई.



"यहाँ आओ, मैंने कहा!"

मुखिया, छोटी लड़की पर गुस्सा हो रहा था.





वासो ने मुस्कुराना बंद कर दिया
और फिर मुखिया की ओर देखा.

"तुम्हें वही करना चाहिए जो मैं कहता हूँ!" प्रमुख चिल्लाया.

वासो ने उस आदमी की ओर देखा जो उस पर चिल्ला रहा था
और फिर वो रोने लगी.



वासो, रोई और रोई,
लेकिन फिर भी वो मुखिया के पास नहीं गई.

फिर मुखिया ने नृत्य करना शुरू कर दिया.

वो एक विशेष नृत्य था - जो लोगों को मुखिया के कहे अनुसार करने के लिए प्रेरित करता था.



वासो ने रोना बंद कर दिया. उसे मुखिया का नृत्य पसंद आया.

उसने मुखिया की ओर देखा और वो मुस्कुराई.



मुखिया ने उसे अपने पास लाने के लिए एक और नृत्य किया. लेकिन वासो केवल हँसी.

मुखिया ने कुछ और नृत्य किया, लेकिन फिर भी बच्ची ने वैसा नहीं किया जैसा वो चाहता था. फिर भी बच्ची मुखिया के पास नहीं गई.

मुखिया ने लगातार नृत्य किया.

वासो उसे देखकर मुस्कुराई और हँसी ...

... और फिर वो सो गई.



"आपने देखा," बूढ़ी औरत ने मुखिया से कहा.

"यह वो बच्ची है जो आपसे डरती नहीं है."



"तुमने बिल्कुल सही कहा,"
प्रमुख ने अपनी सहमति जताई.

"वासो मुझसे ज्यादा बहादुर है.
वो एक बहुत बहादुर बच्ची है."

मुखिया अब गुस्से में नहीं था.
लेकिन नृत्य करते-करते वो बहुत थक गया था.

उसे वो बहादुर बच्ची पसंद आई. फिर मुखिया तंबू में
लेट गया और वहीं गहरी नींद में सो गया.

समाप्त